कार्यालय, नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय,अम्बेडकरनगर।

न्यायालय परिसर की पुरानी चहारदीवारी के मलवे हेतु नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र सं0 169/इन्फ्र.सेल, इलाहाबाद, दिनांकित 10.02.2020 के आलोक में जनपद न्यायाधीश, महोदय के आदेश दिनांक 10.02.2020 के अनुपालन में न्यायालय परिसर की पुरानी चहारदीवारी के मलवे की नीलामी हेतु,**दिनांक 28.02.2020 दिन शुक्रवार नियत की जाती है**।जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर के न्यायालय परिसर की पुरानी चहारदीवारी का मूल्यांकन **मु0 11,88,996/रू0** मात्र निर्धारित किया गया है।

नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्तियों/संस्थाओं द्वारा प्रार्थना पत्र, मय मु0 5,000/रू0, जमानत धनराशि तथा आई डी प्रूफ के रूप में आधार कार्ड, अथवा निर्वाचन कार्ड नजारत अनुभाग में दिनांक 27.02.2020 तक आवश्यक रूप से जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

नीलामी कार्यवाही दिनांक 28.02.2020 को सायं 4:30 बजे जनपद न्यायालय के सभागार कक्ष में, पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,/प्रभारी अधिकारी, नजारत, की अध्यक्षता में सम्पन्न की जायेगी।उक्त वर्णित नीलामी के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी नजारत, अनुभाग में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी की शर्तें--

1--सबसे अधिक बोली बोलने वाले के नाम नीलामी करने हेतु आख्या प्रेषित की जायेगी।

2--नीलामी स्वीकृत होने पर पुरानी चहारदीवारी की कुल कीमत तीन दिन के अन्दर अदा करना होगा।

3--नीलाम हुई पुरानी चहरादीवारी की कुल कीमत अदा करने के उपरान्त, चहारदीवारी का सम्पूर्ण मलवा अन्दर 15 दिन के अन्दर न्यायालय परिसर से हटा लेना होगा।

4--निर्धारित दिनांक व समय के उपरान्त कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

दिनांकः 20.02.2020

(बीरेन्द्र कुमार),
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
पंचम अपर जिला जज/प्रभारी अधिकारी, नजारत
कृते जनपद न्यायाधीश,
अम्बेडकरनगर।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः--

01. कार्यालय जिलाधिकारी, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर।
02. कार्यालय जिला विकास अधिकारी, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर।
03. कार्यालय अध्यक्ष जिला पंचायत, अम्बेडकरनगर।
04. तहसील अकबरपुर, रेलवे स्टेशन, नगर पालिका, अकबरपुर के नोटिस बोर्ड पर।
05. न्यायालय भवन के मुख्य नोटिस बोर्ड पर।
06. सूचना अधिकारी, अम्बेडकरनगर को स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन किये जाने हेतु
07. सिस्टम आफीसर, कम्प्यूटर अनुभाग

20/02/2020

दिनांकः 20.02.2020

(बीरेन्द्र कुमार),
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
पंचम अपर जिला जज/प्रभारी अधिकारी, नजारत
कृते जनपद न्यायाधीश,
अम्बेडकरनगर।